कर्नाटक में सीटों के तालमेल की अटकलों के बीच देवेगौड़ा, कुमारस्वामी प्रधानमंत्री मोदी से मिले

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वेब वार्ता)। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल (सेक्युलर) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कर्नाटक में सीटों के तालमेल को लेकर बातचीत की अटकलों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कुमारस्वामी के भतीजे और जद (एस) के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना सहित पार्टी के कुछ अन्य नेता मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ही इस मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा की और कहा, पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा जी, कुमारस्वामी जी और एचडी रेवन्ना से मिलकर हमेशा खुशी होती है। देश की प्रगति में देवेगौड़ा जी के अनुकरणीय योगदान को भारत बहुत महत्व देता है। विविध नीतिगत मामलों पर उनके विचार व्यावहारिक और भविष्योन्मुखी होते हैं।

कुमारस्वामी बुधवार को इन अटकलों के बीच नई दिल्ली पहुंचे कि वह लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में सीट बंटवारे पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बातचीत कर सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ हुई बैठक के बाद सितंबर में जद (एस) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया था। दोनों दलों के नेता तब से कहते आ रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर अभी बातचीत नहीं हुई है। कुमारस्वामी ने दिल्ली रवाना होने से पहले बुधवार को कहा कि वह निजी काम से दिल्ली जा रहे हैं। हालांकि, कुमारस्वामी के भतीजे और जद (एस) के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की बृहस्पतिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के संकेत दिए थे।

इंडिया गठबंधन का निलंबन के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वेब वार्ता)। इंडिया गठबंधन के नेता सांसद से सांसदों की निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को यहां जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार को यहां विजय चौक पर विपक्षी नेताओं के साथ आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि धरना प्रदर्शन जंतर मंतर के साथ ही देश की विभिन्न हिस्सों में भी किया जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को ढस्थ करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि देश में बहुदलीय लोकतंत्र हो। विपक्ष की सदस्यों को सही मांग को लेकर आवाज उठाने के आरोप में संसद संसद से निलंबित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा मोदी सरकार ये नहीं चाहती कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा हक है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बयान दें।

श्री खडगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से संसद की सुरक्षा को लेकर संसद में बयान देने की मांग विपक्ष कर रहा है। विपक्ष की इस मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और सदन की कार्यवाही से निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बाकी जगहों पर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं, ये सदन का अपमान है।

संसद की सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी सीआईएसएफ

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वेब वार्ता)। संसद भवन के भीतर लोकसभा में दो युवकों के कूदने की घटना के बाद सरकार ने समूचे संसद भवन की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है।

सीआईएसएफ ने उप महानिरीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में एक बोर्ड गठित किया है जो संसद भवन परिसर का व्यापक एवं सघन सर्वेक्षण करेगा ताकि सीआईएसएफ की सुरक्षा एवं अग्निशमन विंग की नियमित तैनाती की जा सके। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ के महानिदेशालय को बुधवार को संसद भवन परिसर के व्यापक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था जिस पर सीआईएसएफ महानिदेशालय ने तुरंत ही यह बोर्ड गठित करने का निर्णय लिया।

सूत्रों के अनुसार संसद के बजट सत्र के पहले सीआईएसएफ के संसद की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने की संभावना है। हालांकि आगन्तुकों के लिए पास बनाने का काम संसद का स्टॉफ ही करेगा।

हैरिटेज निगम में विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 का चौथा दिन

जिला कलेक्टर जयपुर ने आयोजित शिविरों का किया निरीक्षण

अधिकारियों को दिये आवश्यक प्रत्येक योजना में 100 से अधिक पंजीयन व यात्रा प्रशनोतरी आयोजित करने के दिये दिशा-निर्देश

जयपुर, 21 दिसंबर। केंद्र सरकार द्वारा हर आम जरूरतमंद को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके निवास के पास उपलब्ध करवाने की मंशा से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के तहत शिविरों का आयोजन गुरूवार को हैरिटेज नगर निगम में सिविल लाईन जोन क्षेत्र में जयपुर क्लब के पास व एनबीसी के पास हुआ।

उक्त शिविरों के आयोजन के दौरान जयपुर जिला कलेक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। श्री राजपुरोहित ने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविरों मे प्रतिदिन उज्जवला योजना मे 100 से अधिक पंजीयन कराने, दुर्घटना बीमा में 100 से पंजीयन कराने, 20-20 वीडियो मेरी कहानी मेरी जुबानी के अपलोड कराने, आधार पंजीयन बढाने व विकसित भारत संकल्प यात्रा क्विज मे अधिकाधिक भागीदारी बढाने के निर्देश दियें। इस अवसर पर सिविल लाइन जोन उपायुक्त श्री करतार सिंह एवं उपायुक्त राजस्व श्रीमती सरोज ढाका सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

महापौर श्रीमती मुनैश गुर्जर ने बताया कि आयोजित शिविरों के दौरान हैल्थ चैकअप में 105, आयुष्मान कार्ड योजना में 25 , पीएम उज्जवला योजना मे 165, पीएम स्वनिधि योजना में 65 पंजीकरण हुयें। आधार कार्ड योजना में 75 पंजीकरण हुए। महापौर श्रीमति मुनेश गुर्जर ने यह भी बताया की हैरिटेज निगम में विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के शिविर शुक्रवार को चैमू हाउस सर्किल, बाइस गोदाम आइनॉक्स के पास आयोजित किये जायेंगें । उन्होंने बताया कि शिविरों को लेकर आमजन मे खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कॉनफडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (CII) के प्रतिनिधिगण ने श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे से मुलाकात की

रेलवे और उद्योग जगत के बीच आपसी समन्वय पर अधिक बल देने पर चर्चा

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में आज कॉनफडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज **(CII)** के प्रतिनिधिगण ने आज श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे से शिष्टाचार मुलाकात कर उद्योग और इण्डस्ट्रीज से जुडे विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक श्री अमिताभ से कॉनफडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज **(CII)** के प्रतिनिधिगणों ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान रेलवे और उद्योग व इण्डस्ट्रीज के बीच आपसी समन्वय बढाने पर चर्चा की तथा ज्वाइंट टास्क फोर्स के माध्यम से इण्डस्ट्रीज से जुडे मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही हेतु सुझाव देने की बात कही। श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने कॉनफडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज **(CII)** के प्रतिनिधिगणों को आश्वस्त किया कि उद्योग व इण्डस्ट्रीज की रेलवे सम्बंधी समस्याओं का रेलवे द्वारा प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और आपसी समन्वय से रेलवे और इण्डस्ट्रीज को बढ़ावा मिले, इस पर विशेष बल देकर कार्य किया जाएगा।

शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कॉनफडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज **(CII)** की ओर से श्री अभिनव बनथिया, चेयरमैन, **CII**-राजस्थान, श्री नितिन गुप्ता, वरि. निदेशक व प्रमुख, **CII**-राजस्थान, श्री आशीष माहेश्वरी, संयोजक, **CII**-राजस्थान, शिवम तलवार व नमित अग्रवाल तथा रेलवे की ओर से कैप्टन शशि किरण, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी व कैप्टन शशांक, उपमहाप्रबंधक (सामान्य) उपस्थित रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर 68वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह - 2023 का आयोजन

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया जायेगा सम्मानित मण्डलों/यूनिटों को प्रदान की जायेगी उत्कृष्टता शील्ड

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा दिनांक 22.12.2023 को उत्सव भवन, रेलवे अधिकारी क्लब, जगतपुरा, जयपुर में 68वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह - 2023 मनाया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ द्वारा इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों/यूनिटों को अलग-अलग कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्षन के लिए 31 शील्ड प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले 66 अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यक्तिगत व 15 ग्रुप पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार समारोह में रेलकर्मियों को महाप्रबंधक स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर 68वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह - 2023 में पुरस्कृत 7 रेलकर्मियों को श्री अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

दो सेकेंड में 80 हजार की सिगरेट चोरी

जयपुर। जयपुर में 80 हजार रुपए की सिगरेट चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित सोनू गेरा ने इसकी रिपोर्ट श्याम नगर थाने में दर्ज करवाई है। रिपोर्ट ने बताया कि उसकी स्कूटी पर रखे 80 हजार रुपए की सिगरेट से भरे दो बैग को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर फरार हो गया। पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी में चोर सिगरेट चोरी करता दिख रहा है।

सोनू गेरा ने बताया- वह नवदुर्गा कॉलोनी में रहता है। बाजार में सिगरेट सप्लाई का काम किया करता है। 19 तारीख को दोपहर में सिगरेट की सप्लाई करने के लिए निकला था। जब पीटीएन मिश्रा मार्ग के पास बब्लू जनरल स्टोर पर सिगरेट दे रहा था। उसी दौरान बाइक पर दो युवक आए। एक युवक बाइक से नीचे उतरा। उसकी स्कूटी के चारों तरफ घूमने लगा। जैसे ही मेरा ध्यान दुकानदार से बात करने में लगा। आरोपी युवक स्कूटी में रखे सिगरेट से भरे दोनों बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित सोनू ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन बाइक सवार दोनों आरोपी न्यू सांगानेर रोड पर विजय पथ के पास गायब हो गए।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

संख्याः SNT-GS-BKN-2023-24-02R

मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 15.01.2024 को 15:00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **निविदा संख्या : SNT-GS-BKN-2023-24-02R कार्य का नाम व स्थान :** उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर डिवीजन के बीकेएन-आरटीजीएच सेक्शन में बीकानेर ईस्ट स्टेशन और एलजीएच- एसओजी सेक्शन में दुलमेरा स्टेशन पर आरई मानकों के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का निष्पादन एवं इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यो का कार्यान्वयन । **अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 86629181.44 बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये) : Rs. 583200.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** बोली शुरू होने की तारीख 01.01.2024 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 05.01.2024 को 15:00 बजे तक। **नोटः-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

1322-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक पर संसद की मुहर

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वेब वार्ता)। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्ते एवं पदावधि) विधेयक पर गुरुवार को लोकसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। राज्यसभा इस विधेयक को 12 दिसंबर को पारित कर चुकी है।

विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के लिए प्रतिबद्ध है और यह विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को पूरा किया गया है। इसके अलावा चुनाव आयोग को मजबूत बनाते हुए आयुक्तों का वेतनमान उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के समान कर दिया गया है तथा सेवाकाल के दौरान कर्तव्य निर्वहन के लिए कोई अदालत उनको समन नहीं कर सकती है। श्री मेघवाल ने कहा कि यह विधेयक निर्वाचन आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्ते और कार्य संचालन) कानून 1991 का स्थान लेगा। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्त (ईसी) होते हैं।



उन्होंने कहा कि विधेयक में चयन समिति का प्रावधान किया गया है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्य के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा सदस्य के रूप में नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री होंगे। अगर लोकसभा में विपक्ष के नेता को मान्यता नहीं दी गई है तो लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता इसमें होगा।

कानून मंत्री ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं ने निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में कानून बनाने की बात कही थी लेकिन इसे कई साल बीत गए। उन्होंने कहा कि 1991 में एक कानून बना लेकिन उसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का उल्लेख नहीं था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि जब तक संसद इस संबंध में कानून नहीं बनाएगी है तब तक उसके फैसले के अनुरूप नियुक्ति की व्यवस्था जारी रहेगी। श्री मेघवाल ने कहा कि विधेयक में एक सरकारी संशोधन के तहत 'सर्च कमेटी' की अध्यक्षता अब कैबिनेट सचिव की जगह कानून मंत्री करेंगे जिसमें दो सचिव सदस्य होंगे।

नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित, रेलसेवाएं रद्द/आंशिक रद्द/मार्ग परिवर्तित रहेगी

जयपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मण्डल पर रामगंज मंडी-भोपाल रेलखण्ड के मध्य स्थित संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी

रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 19711, जयपुर-भोपाल रेलसेवा दिनांक 28.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 19712, भोपाल-जयपुर रेलसेवा दिनांक 29.12.23 को रद्द रहेगी।1 गाडी संख्या 12720, हैदराबाद-जयपुर रेलसेवा दिनांक 27.12.23, 01.01.24 व 03.01.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 12719, जयपुर- हैदराबाद रेलसेवा दिनांक 29.12.23, 03.01.24 व 05.01.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 17020, हैदराबाद-हिसार रेलसेवा दिनांक 30.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 17019, हिसार- हैदराबाद रेलसेवा दिनांक 02.01.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20973, फिरोजपुर कैंट-मंडपम रेलसेवा दिनांक 30.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20974, मंडपम-फिरोजपुर कैंट रेलसेवा दिनांक 0201.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 22175, नागपुर-जयपुर रेलसेवा दिनांक 28.12.23 व 04.01.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 22176, जयपुर- नागपुर रेलसेवा दिनांक 29.12.23 व 05.01.24 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 07115, हैदराबाद-जयपुर रेलसेवा दिनांक 29.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 07116, जयपुर- हैदराबाद रेलसेवा दिनांक 31.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 04715, बीकानेर-साईनगर षिर्डी रेलसेवा दिनांक 30.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 04716, साईनगर षिर्डी- बीकानेर रेलसेवा दिनांक 31.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 09715, हिसार-तिरूपति रेलसेवा दिनांक 30.12.23 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 09716, तिरूपति- हिसार रेलसेवा दिनांक 02.01.24 को रद्द रहेगी।

आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) गाडी संख्या 19711, जयपुर-भोपाल रेलसेवा जो दिनांक 29.12.23 से 04.01.24 तक जयपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा उज्जैन तक संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा उज्जैन-भोपाल स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 19712, भोपाल-जयपुर रेलसेवा दिनांक 30.12.23 से 05.01.24 तक भोपाल के स्थान पर उज्जैन से संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा भोपाल-उज्जैन स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

गाडी संख्या 19713, जयपुर-कर्नूलु सिटी रेलसेवा दिनांक 30.12.23 को जयपुर से प्रस्थान करने वाली रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग सवाईमाधोपुर-कोटा-नागदा-संत हिरदाराम नगर-भोपला के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सवाईमाधोपुर-सोगरिया-बीना-भोपाल होकर संचालित होगी । गाडी संख्या 19714, कर्नूलु सिटी-जयपुर रेलसेवा दिनांक 01.01.24 को कर्नूलु सिटी से प्रस्थान करने वाली रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग भोपाल-संत हिरदारामनगर -नागदा-कोटा- सवाईमाधोपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भोपाल-बीना- सोगरिया-सवाईमाधोपुर होकर संचालित होगी ।

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

VASTU HOUSING FINANCE

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, ''ए'' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015 महाराष्ट्र

CIN No.: U65922MH2005PLC272501

कब्ज़े की सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और धारा 13 (12) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के साथ पठित हैं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002, ने एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए कहा गया था। कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा जो नीचे दी गई राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा, लागत आदि।

क्र. सं.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर	मांग सूचना की दिनांक और राशि	संपत्ति का विवरण	दिनांक और प्रकार का स्वामित्व
1.	नीरज निराला, तारा रानी निराला एलपी0000000082055	18-सितंबर-23 रूपये 1458521 से 14-सितम्बर-23 तक	खसरा नंबर - 538/1, ग्राम किशनगंज, बारां, राजस्थान, 325216 संपत्ति का क्षेत्रफल 1742 वर्ग फीट।	सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 19-दिसम्बर-23 को
2.	राकेश जैन, महावीर प्रसाद जैन, नेहा एलपी0000000015976 और एलपी0000000037777	18-अगस्त-23 रूपये 984577 एवं रुपये 215216 से 14-अगस्त-23 तक	वार्ड नंबर 41 महावीर चौक, पुरानी टोंक, तहसील एवं जिला टोंक, राजस्थान 304001 माप क्षेत्रफल 97.71 वर्ग गज।	सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 18-दिसम्बर-23 को
3.	लक्ष्मीनारायण जाट, सरोज चौधरी एलपी0000000040941	18-सितंबर-23 रुपये 1377124 से 14-सितम्बर-23 तक	आबादी भूखंड पट्टा संख्या 598 ग्राम पंचायत भट्टो की गली पंचायत समिति आमेर जयपुर राजस्थान- 303701, क्षेत्रफल 275 वर्ग गज।	सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 19-दिसम्बर-23 को

दिनांक : 22.12.2023 अधिकृत अधिकारी

स्थान : कोटा, टोंक, जयपुर वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड

(पूर्व की, एल&टी फायनांस लि, 4 दिसंबर 2023 से प्रभावी तौर पर स्कीम ऑफ अमाल्गमेशन के अंतर्गत एल&टी फायनांस होल्डिंग्स के साथ विलय द्वारा)

पंजीकृत कार्यालयः एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सिडीज शोरूम के पास, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई 400 098

सीआईएन नं.: L67120MH2008PLC181833

शाखा कार्यालयः जयपुर

L&T Finance

गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा एवं उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोगांतर्गत अपनी बकाया राशियों एवं आगामी ब्याज, प्रभारों, शुल्कों एवं व्ययों आदि की वसूली हेतु ''सार्वजनिक निलामी'' के माध्यम से ''जहाँ है'' और ''जैसी स्थिति में है'' आधार पर निम्नांकित संपत्ति की नीलामी की जा रही है.

कर्जदार और सह-कर्जदार का नाम	सिक्योर्ड प्रॉपर्टी का पता	लोन अकाउंट नंबर	लिया गया कब्जा	अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट आरपी का 10% या अधिक (₹ में)	19.12.2023 के अनुसार कुल बकाया राशि (₹ में)	आरक्षित मूल्य (₹ में)	निरीक्षण का दिनांक	नीलामी का दिनांक और समय
1. सत्य नारायण अगरवाल 2. मोहित अगरवाल 3. नीता अगरवाल	संपत्ति का सारा हिस्सा और खंड जिसका पता है- फ्लैट नं. जी-1, क्षेत्रफल 1662.50 वर्ग फुट, तल मंजिल, प्लॉट नं. बी-24 (पूर्व का भाग), रूप विहार, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान 302019 संपूर्ण भूमि की सीमाएँ: पूर्व - प्लॉट नं. बी-15; पश्चिम - सड़क; उत्तर - प्लॉट नं. बी-25; दक्षिण - प्लॉट नं. बी-23	H17500180121114018 और H17500180121114018L	6 अक्टूबर 2023	₹ 3,58,281.30/-	कुल बकाया ₹1,93,82,405.91 (रुपए एक करोड़ तिरानबे लाख बयासी हजार चार सौ पांच और इक्यानबे पैसे मात्र) यथा 21.12.2023	₹35,82,813/-	18.01.2024	23.01.204 को सु. 11 बजे
	संपत्ति का सारा हिस्सा और खंड जिसका पता है- फ्लैट नं. 101, क्षेत्रफल 1662.50 वर्ग फुट, पहली मंजिल, प्लॉट नं. बी-24 (पूर्व का भाग), रूप विहार, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान 302019 संपूर्ण भूमि की सीमाएँ: पूर्व - प्लॉट नं. बी-15; पश्चिम - सड़क; उत्तर - प्लॉट नं. बी-25; दक्षिण - प्लॉट नं. बी-23	H17500180121114018 और H17500180121114018L	6 अक्टूबर 2023	₹ 2,87,125/-		₹28,71,250/-	18.01.2024	23.01.2024 को दोप. 1 बजे
	संपत्ति का सारा हिस्सा और खंड जिसका पता है- फ्लैट नं. 201, क्षेत्रफल 1662.50 वर्ग फुट, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. बी-24 (पूर्व का भाग), रूप विहार, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान 302019 संपूर्ण भूमि की सीमाएँ: पूर्व - प्लॉट नं. बी-15; पश्चिम - सड़क; उत्तर - प्लॉट नं. बी-25; दक्षिण - प्लॉट नं. बी-23	H17500180121114018 और H17500180121114018L	6 अक्टूबर 2023	₹2,87,125/-		₹28,71,250/-	18.01.2024	23.01.2024 को दोप. 3 बजे

सार्वजनिक निलामी के नियम व शर्तें

1. एसएआरएफएईएसआई कानून के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक ई-नीलामी मोड की सहायता से और के जरिए ई-नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfaesi.E-auctiontiger.net के माध्यम से अधिकृत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन संचालित की जा रही है.
2. यह सार्वजनिक ई-नीलामी उपरोक्त तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति ''जहाँ है'' और ''जैसी स्थिति में है'' आधार पर बेची जाएगी.
3. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इसकी मंशा रखने वाले क्रेताओं/बोलीकर्ताओं को 22/01/2024 को या उससे पहले पेनकार्ड, कंपनी होने की स्थिति में मंडल संकल्पों और पते के प्रमाण की प्रतियों के साथ इन सुरक्षित संपत्तियों के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना धनराशि जमा के भुगतान के विवरण जमा करने होंगे.
4. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीकर्ताओं की ईएमडी को सार्वजनिक ई-नीलामी के समापन के 7 दिन के भीतर एलटीएफ द्वारा वापस कर दिया जाएगा. इस ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.
5. सफल क्रेता/बोलीकर्ता द्वारा उसके प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) भाग 23/01/2024 को यानी ई-नीलामी के दिन शाम 18.00 बजे या उससे पहले या उसके अगले कार्यदिवस यानी 24/01/2024 को जयपुर में देय ''एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड'' के पक्ष में डीडी/पीओ के माध्यम से जमा करवाया जाएगा, जिस जमा की पुष्टि एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें असफल रहने पर विक्रय को असफल माना जाएगा और उक्त सफल बोलीकर्ता की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा. शेष राशि यानी क्रय राशि का 75% भाग क्रेता द्वारा एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड को अचल संपत्ति के विक्रय की पुष्टि होने के पंद्रह दिन या उससे पहले या कानून के प्रावधानों के अनुसार ऐसी विस्तारित अवधि में देय होगा.
6. संपत्ति के निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, प्रत्याशित बोलीकर्ता अधिकृत अधिकारी, यानी ''नाम - दीपक तिवारी, संपर्क क्र.9717215553, एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, 5वीं मंजिल, डीसीएम बिल्डिंग, 16 बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001 और संतोष तिवारी, संपर्क नं. 9920490126 एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, ऑफिस: 6वीं मंजिल, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना सीएसटी रोड, मर्सिडीज शोरूम के पास, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई-400098'' ई-नीलामी की किसी भी अवस्था में, अधिकृत अधिकारी द्वारा कोई कारण बताए बिना या इसकी कोई पूर्व सूचना दिए बिना ई-नीलामी को स्थगित किया जा सकता है या बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/परिवर्तित/निरस्त किया जा सकता है.
7. सफल क्रेता/बोलीकर्ता को ऐसे कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, देय प्रभार, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा, जो लागू कानूनों के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में सौंपने/प्रदान करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता हो.
8. ऋणी/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियों के लिए देनदार हैं, द्वारा उपरोक्त सार्वजनिक ई-नीलामी विक्रय के धारण के बारे में प्रतिभूति हित (प्रभावीकरण) नियम के नियम 8 (6) के अंतर्गत एक सूचना के रूप में इस विक्रय सूचना को लिया जाएगा.
9. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर को एतद्द्वारा उक्त ई-नीलामी दिनांक से पहले ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार संपूर्ण बकाया लोन राशि अदा करने का आवाहन किया जाता है जिसमें विफल रहने पर एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड एसएआरएफएईएसआई में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति को बेच देगी.
10. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर और जन सामान्य को एतद्द्वारा एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड की लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना सूचना में संदर्भित सिक्योर्ड संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी तरीके से अंतरित करने से निषिद्ध किया जा रहा है.

दिनांकः 22.12.2023

स्थानः जयपुर

कृते/-

प्राधिकृत अधिकारी

एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के लिए

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति [redacted] ना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः **yuvrajsinghh@gmail.com**